Date
13/4/2020

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE:

पाठ-1 भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

प्रश्नोत्तर :

प्र०1 भाषा किसे कहते हैं?
उत्तर भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य अपने विचारों को बोलकर या लिखकर दूसरों तक पहुँचाता है। और दूसरों के विचारों को सुनकर या पढ़कर समझता है।

प्र०2 भाषा के कितने रूप होते हैं?
उत्तर भाषा के दो रूप होते हैं।
1- मौखिक भाषा -
2 लिखित भाषा
मौखिक भाषा - जब हम बोलकर अपने विचारों को प्रकट करते हैं, उन्हें मौखिक भाषा कहते हैं।

लिखित भाषा - जब हम लिखकर अपने विचारों को प्रकट करते हैं, उन्हें लिखित भाषा कहते हैं।

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

बोली -

* यह मुख्यतया बोलचाल के काम आती है।
* इसकी लिपि आवश्यक नहीं है।
* इसका व्याकरण सुनिश्चित नहीं होता।
* बोली भाषा का आरंभिक रूप है।
* इसका क्षेत्र सीमित होता है।
* इसे शिक्षा प्रशासन, जन संचार और संविधान में मान्यता प्राप्त नहीं होती।

Scanned with CamScanner

Wednesday

~~Saturday~~

MIRACLE
PAGE NO.
DATE:

14/4/ 15/4

# लिपि

प्रश्नोत्तर :

प्र१ लिपि की परिभाषा लिखिये।

उत्तर भाषा के प्रयोग के समय हम कुछ ध्वनियों का प्रयोग करते हैं। भाषा की ध्वनियों के लिखने के ढंग को लिपि कहते हैं।

प्र२ विभिन्न भाषाओं की लिपि लिखिये।

विभिन्न भाषाओं की लिपियाँ–

| भाषा | लिपि | भाषा | लिपि |
|---|---|---|---|
| संस्कृत, हिंदी | देवनागरी लिपि | पंजाबी | गुरुमुखी |
| नेपाली, मराठी | देवनागरी लिपि | गुजराती | देवनागरी |
| उर्दू | फ़ारसी लिपि | अंग्रेजी | रोमन |

Teacher's Signature...................

Scanned with CamScanner

Thursday

MIRACLE
PAGE NO.
DATE

16/5/20..

## व्याकरण

प्रश्नोत्तर

प्र०1 व्याकरण की परिभाषा लिखिए।

उत्तर भाषा के शुद्ध रूप को लिखने, पढ़ने और बोलने का ज्ञान करवाने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते है।

क) अशुद्ध रूप :

1. मैंने स्वाति को किताब दो।
2. राम स्कूल जा रही है।

शुद्ध रूप :

1. मैंने स्वाति को किताब दी।
2. राम स्कूल जा रहा है।

प्र०2 व्याकरण के कितने भेद होते है?

उत्तर व्याकरण के तीन भेद होते है।

1. वर्ण विचार
2. शब्द विचार
3. वाक्य विचार

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

Class - III / IV

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE: 3/4/2020

## पाठ - 2 वर्णमाला

प्रश्नोत्तर :

प्र०1 वर्ण किसे कहते है ?

उत्तर भाषा की सबसे छोटी इकाई को ध्वनि या वर्ण कहते है।

प्र०2 वर्णमाला किसे कहते है ?

उत्तर वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते है।

प्र०3 स्वर किसे कहते है ?

उत्तर बिना किसी सहायता से या स्वतंत्र रूप से बोले जानेवाले वर्ण को स्वर कहते है। जैसे - अ, आ, इ, ई, उ, ऊ ए ऐ ओ औ

प्र०4 व्यंजन किसे कहते है ?

उत्तर स्वरों की सहायता से बोले जाने वाले वर्णो को व्यंजन कहते है। जैसे-

क ख ग घ ङ

च छ ज झ ञ

ट ठ ड ढ ण

त थ द ध न

प फ ब भ म

य र ल व

श ष स ह

क्ष त्र ज्ञ श्र

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

17/5/2020 शब्द विचार

प्रश्नोत्तर

प्र०1 शब्द की परिभाषा लिखिए।

उत्तर एक या एक से अधिक वर्णों के मेल से बने सार्थक वर्ण समूह को शब्द कहते है।

प्र०2 शब्दों का वर्गीकरण कितने रूपों में होता है?

उत्तर शब्दों का वर्गीकरण निम्नलिखित चार रूपों में होता
1. व्युत्पत्ति (बनावट) के आधार पर
2. उत्पत्ति के आधार पर
3. अर्थ के आधार पर
4. वाक्य प्रयोग के आधार पर

1. व्युत्पत्ति (बनावट) के आधार पर शब्दों के निम्नलिखित तीन भेद है:

(क) रूढ
(ख) यौगिक
(ग) योगरूढ

(क) रूढ - जिनके टुकड़े करने पर सार्थक अर्थ नहीं निकलते है, उसे रूढ शब्द कहते है। जैसे - कमल, फल। यदि हम फ, ल इनको अलग करने पर कोई अर्थ नही निकलता।

(ख) यौगिक - दो या दो से अधिक शब्दों के योग से बनने वाले शब्द यौगिक कहलाते है - जैसे- पाठ+शाला = पाठशाला
रसोई + घर = रसोईघर

(ग) योगरूढ - जो शब्द दो या दो से अधिक शब्दों से बने और विशेष अर्थ स्पष्ट करे, वे योगरूढ शब्द कहलाते है। जैसे.
लंबोदर - लंबे उदर वाला - अर्थात - गणेश

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

# उत्पत्ति के आधार पर शब्द भेद:

उत्पत्ति के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं—
(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज (घ) विदेशी

(क) तत्सम शब्द — जो शब्द संस्कृत से हिन्दी में बिना परिवर्तन के लिए जाते हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। जैसे— चंद्र, अग्नि, सूर्य, दुग्ध आदि।

(ख) तद्भव शब्द — वे शब्द जो संस्कृत भाषा के रूप बदल कर हिन्दी में प्रयोग होते हैं, उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं। जैसे— चाँद, आग, सूरज, दूध आदि।

(ग) देशज शब्द — वे शब्द जो विभिन्न भाषाओं और उपभाषाओं से हिन्दी में आए हैं, वे देशज शब्द कहलाते हैं। जैसे — रोटी, जूता, पगड़ी, कपास आदि।

(घ) विदेशी शब्द — हिन्दी में आए ऐसे बहुत से शब्द हैं जो विदेशी भाषाओं से हिन्दी में आए हैं वे विदेशी शब्द कहलाते हैं। जैसे — अलमारी, स्कूल, स्टेशन, रिक्शा आदि।

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

3. अर्थ के आधार पर शब्द भेद –

अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं-
क) सार्थक शब्द (ख) निरर्थक शब्द
सार्थक शब्द - जिन शब्दों से स्पष्ट अर्थ का बोध हो, वे सार्थक शब्द कहलाते है। जैसे- लड़का, रोटी, पेन आदि।
ख) निरर्थक शब्द - जिन शब्दों से अर्थ का बोध नहीं होता वे निरर्थक शब्द कहलाते है। जैसे- वोटी, वड़का, वेन आदि।

4. वाक्य प्रयोग के आधार पर शब्द भेद -
~~किसी~~ वाक्य प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं -
क) विकारी शब्द (ख) अविकारी शब्द
(क) विकारी शब्द – वाक्य में प्रयोग करते समय जिन शब्दों का रूप बदल जाता है, वे विकारी शब्द कहलाते हैं।
जैसे- एकवचन - बहुवचन
लड़का - लड़के
ख) अविकारी शब्द — वे शब्द जिनका रूप नहीं बदलता है वे अविकारी शब्द कहलाते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं
क) क्रियाविशेषण (ख) संबंधबोधक
ग) समुच्चय बोधक (घ) विस्मयादिबोधक

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

## 2. व्यंजन संधि

जब किसी व्यंजन का किसी भी स्वर अथवा व्यंजन से मेल हो और उसमें सार्थक परिवर्तन हो जाए तो उसे व्यंजन संधि कहते है।

जैसे— दिक् + गज = दिग्गज
सत + मार्ग = सन्मार्ग

## 3. विसर्ग संधि

विसर्ग(:) के साथ स्वर या व्यंजन के मेल से सार्थक परिवर्तन विसर्ग संधि कहलाता है।

जैसे — नमः + ते = नमस्ते
पुरः + कार = पुरस्कार

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

3. अर्थ के आधार पर शब्द भेद –

अर्थ के आधार पर शब्द के दो भेद होते है-
(क) सार्थक शब्द (ख) निरर्थक शब्द
सार्थक शब्द - जिन शब्दों से स्पष्ट अर्थ का बोध हो, वे सार्थक शब्द कहलाते है। जैसे- लड़का, रोटी, पेन आदि।
(ख) निरर्थक शब्द - जिन शब्दों से अर्थ का बोध नही होता वे निरर्थक शब्द कहलाते है। जैसे- वोटी, वड़का, वेन आदि।

4. वाक्य प्रयोग के आधार पर शब्द भेद -
~~जिसमें~~ वाक्य प्रयोग के आधार पर शब्द के दो भेद होते हैं -
(क) विकारी शब्द (ख) अविकारी शब्द
(क) विकारी शब्द — वाक्य में प्रयोग करते समय जिन शब्दों का रूप बदल जाता है, वे विकारी शब्द कहलाते हैं।
जैसे— एकवचन - बहुवचन
लड़का - लड़के
(ख) अविकारी शब्द — वे शब्द जिनका रूप नही बदलता है वे अविकारी शब्द कहलाते हैं। ये चार प्रकार के होते हैं
(क) क्रियाविशेषण (ख) संबंधबोधक
(ग) समुच्चय बोधक (घ) विस्मयादिबोधक

Scanned with CamScanner

DATE:

Date
6/5/2020

# कारक

## प्रश्नोत्तर

प्र०1 कारक किसे कहते है?
उत्तर संज्ञा या सर्वनाम शब्द के जिस रूप से उसका संबंध वाक्य के अन्य शब्दों के साथ पता चलता है, उसे कारक कहते

प्र०2 कारक कितने प्रकार के होते है?
उत्तर कारक आठ प्रकार के होते है।

| | कारक | कारक चिह्न |
|---|---|---|
| 1. | कर्त्ता | ने |
| 2. | कर्म | को |
| 3. | करण | से, (के साथ, के द्वारा |
| 4. | संप्रदान | के लिए |
| 5. | अपादान | से (अलग होने के भाव में |
| 6. | संबंध | का, के, की |
| 7. | अधिकरण | में, पर |
| 8. | संबोधन | हे! अरे! |

वाक्य प्रयोग:
1. बालक ने दूध पिया।
2. राम ने रावण को मारा।
3. गुंजन कुर्सी से गिर गई।
4. पापा के लिए चाय बनाओ।
5. बच्चा छत से गिर गया।
6. यह अभय का घर है।
7. बंदर पेड़ पर बैठा है।
8. हे राम! यह क्या हुआ।

Scanned with CamScanner

MIRACLE
PAGE NO.
DATE:

# संज्ञा

प्र.1 संज्ञा किसे कहते है ?

उत्तर किसी प्राणी वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है। जैसे – मोहन, कलम, बीकानेर, मिठास आदि।

प्र.2 संज्ञा के कितने भेद होते हैं ?

उत्तर संज्ञा के तीन भेद होते है।

1 व्यक्तिवाचक संज्ञा।

2 जातिवाचक संज्ञा।

3 भाववाचक संज्ञा।

Date
Page

प्र. निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द पर गोला बनाइये।

1- मेरे देश का नाम भारत है।
2- रमेश सो रहा है।
3. गंगा और यमुना नदी प्रयागराज में मिलती हैं।
4. मोर मेज पर बैठकर शेर को देख रहा है।
5- राम कल कानपुर जाएगा।
6- मेरी मैडम का नाम राजकुमारी है।
7- मैं बीकानेर में रहता हूँ।
8 मेरी स्कूल का नाम आर्यन पब्लिक सै. स्कूल है।
9. मेरे दोस्त का नाम कर्ण है।
10 मेरी सहेली का नाम यशस्वी है।

Scanned with CamScanner

Monday

## पाठ-5 सर्वनाम

**प्रश्नोत्तर :**

प्र०1. सर्वनाम किसे कहते हैं?

उत्तर जो शब्द संज्ञा के स्थान पर काम आते हैं, उन्हें सर्वनाम कहते हैं। जैसे - मैं, तुम, यह, वह आदि

प्र०2 सर्वनाम के कितने भेद होते हैं। नाम लिखो।

उत्तर सर्वनाम के छः भेद होते हैं। -

1 पुरुषवाचक सर्वनाम
2 निश्चयवाचक सर्वनाम
3 अनिश्चय वाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम
5. प्रश्नवाचक सर्वनाम
6. निजवाचक सर्वनाम

प्र०3 पुरुषवाचक सर्वनाम के आधार पर पुरुष कितने प्रकार के होते हैं?

उत्तर पुरुषवाचक सर्वनाम के पुरुष तीन प्रकार के होते हैं।

1. उत्तम पुरुष - मैं, हम
2 मध्यम पुरुष - तू, तुम
3 अन्य पुरुष - वह, वे आदि

प्र०4 खाली स्थान में उचित सर्वनाम शब्द लिखिए।

1. ...... मेरी घड़ी है। (यह, ये)
2 ... गाना नहीं आता। (मुझे, मेरे)
3 वहाँ ... बैठा है। (कौन, क्या)
4 मुझे खाने के लिए ... चाहिए। (कुछ, कोई)
5 दरवाजा खोलो शायद ... आया है। (कोई, कुछ)

Teacher's Signature..................

Scanned with CamScanner

Class - III / IV

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE: 7/4/2020

Tuesday

पाठ - 6 क्रिया

प्रश्नोत्तर

प्र०1 क्रिया किसे कहते है? उदाहरण सहित लिखिए।

उत्तर- जिस शब्द से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उसे क्रिया कहते है। जैसे - खाना - पीना, रोना - हँसना आदि।

प्र०2 क्रिया के कितने भेद होते है।

उत्तर क्रिया के दो भेद होते है।

1- अकर्मक 2- सकर्मक

प्र०3 सकर्मक क्रिया किसे कहते है?

उत्तर जिस क्रिया में कार्य का फल कर्त्ता पर न पड़कर किसी अन्य चीज पर पड़ता है उसे सकर्मक क्रिया कहते है जैसे - रमेश खाना खाता है।

प्र०4 अकर्मक क्रिया किसे कहते है?

उत्तर जिस क्रिया के कार्य का फल केवल कर्त्ता पर ही पड़ता है उसे अकर्मक क्रिया कहते है। जैसे - राजा सोता है।

Scanned with CamScanner

Class-III/IV
Wednesday

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE: 8/4/2020

## पाठ-7 विशेषण

प्रश्नोत्तर :

प्र०1 विशेषण किसे कहते है?

उत्तर जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताएँ उन्हें विशेषण कहते है। जैसे — मीठा, कड़वा, गरम आदि।

प्र०2 विशेषण के कितने भेद होते है?

उत्तर विशेषण के छः भेद होते है।

1 गुणवाचक
2 संख्यावाचक
3 परिमाणवाचक
4 संकेतवाचक
5 व्यक्तिवाचक
6 भिन्नतावाचक

प्र०3 विशेष्य किसे कहते है?

उत्तर जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, उसे विशेष्य कहा जाता है। जैसे — राम सुंदर है

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE: 8/4/202

Wednesday

# पर्यायवाची

* एक समान अर्थ वाले शब्दों को पर्याय[illegible] कहते हैं।

* 'कमल' का पर्यायवाची है –
(अ) पंक (ब) जलद (स) जलज (द) सलिल

* 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है –
(अ) जलज (ब) जलधि (स) पयोधि (द) पयोद

* 'आग' का पर्यायवाची शब्द है –
(अ) अनिल (ब) अनल (स) अवनि (द) अचल

* 'वारिद, जलद, पयोद' – ये किस शब्द के पर्यायवाची हैं –
(अ) कमल (ब) बादल (स) जल (द) पर्वत

* निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -
1. घर - भवन, सदन, गृह
2. धरती - पृथ्वी, धरा, धरती
3. पवन - वायु, हवा, अनिल
4. आकाश - नभ, गगन, आकाश
5. चन्द्रमा - मयंक, शशि, सोम
6. वृक्ष

'प्यासा कौआ' पर कहानी लिखिए –

Scanned with CamScanner

MIRACLE
PAGE NO.:
DATE:

# विलोम शब्द

* एक दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते है।

| | शब्द | | विपरीतार्थक शब्द |
|---|---|---|---|
| 1 | मान | - | अपमान |
| 2 | न्याय | - | अन्याय |
| 3 | उचित | - | अनुचित |
| 4 | सुख | - | दुःख |
| 5 | जीवन | - | मरण |
| 6 | आस्तिक | - | नास्तिक |
| 7 | कठोर | - | कोमल |
| 8 | नवीन | - | प्राचीन |
| 9 | एकता | - | अनेकता |
| 10 | वाद | - | विवाद |
| 11 | अमृत | - | विष |
| 12 | आदि | - | अंत |
| 13 | लाभ | - | हानि |
| 14 | साकार | - | निराकार |
| 15 | आयात | - | निर्यात |
| 16 | नूतन | - | पुरातन |
| 17 | गुरु | - | शिष्य |
| 18 | प्रेम | - | घृणा |
| 19 | इधर | - | उधर |
| 20 | शांत | - | अशांत |

Scanned with CamScanner

DATE:

# भिन्नार्थक शब्द

श्रुतिसम शब्द — अर्थ

1 अवधी - बोली (अवधकी)
अवधि - समय

2 शौक - रुचि
शोक दुख

3 अपेक्षा - उम्मीद
उपेक्षा - अनादर

4 निधन - मृत्यु
निर्धन - गरीब

5 कुल - वंश
कूल - तट

6 ओर - तरफ, दिशा
और - तथा, अतिरिक्त

7 परिमाण - मात्रा, माप
परिणाम फल, नतीजा

8 चिर - पुराना
चीर - वस्त्र

Scanned with CamScanner

Class- III / IV / V

PAGE NO
DATE: 10/7/...

Friday

# एकल शब्द

प्रश्नोत्तर:

प्र.1 एकल शब्द किसे कहते हैं?

उत्तर जो शब्द अनेक शब्दों, वाक्यांशों या ... के स्थान पर एक शब्द में अर्थ प्रकट ... उन्हें एकल शब्द कहते हैं।

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एकल ...

1 जो कभी बूढ़ा न हो - अजर
2 कभी न मरने वाला - अमर
3 जिसके माता-पिता न हो - अनाथ
4 जो ईश्वर में विश्वास रखता हो - आस्तिक
5 जिसमें दया की भावना न हो - निर्दयी
6 जिसका कोई आकार न हो - निराकार
7 जो अधिक बोलता हो - वाचाल
8 जहाँ जाना कठिन हो - दुर्गम
9 जो ईश्वर में विश्वास न रखता हो - नास्तिक
10 जहाँ अनाथ रहते हो - अनाथालय
11 जल में रहने वाला - जलचर
12 जहाँ बीमारों का इलाज होता है - अस्पताल

प्र.3 सही विकल्प चुनो-

1 जो कभी बूढ़ा न हो -
(अ) अमर (ब) अजर (स) अनंत (द) ...

2 जो ईश्वर में विश्वास रखता हो -
(अ) धार्मिक (ब) आस्तिक (स) अन्तर्यामी (द) नास्तिक

Teacher's Signature..................

MIRACLE
PAGE NO. :
DATE:

3 जिसके माता पिता न हो-
(अ) अमर (ब) अनाथ (स) वात्सल्य (द) अनन्त

4 जहाँ अनाथ रहते हो -
(अ) अस्पताल (ब) बाजार (स) अनाथालय (द) महल

5 जो ईश्वर मे विश्वास न रखता हो -
(अ) निर्दयी (ब) नास्तिक (स) धार्मिक (द) आस्तिक

6 जल मे रहने वाला -
(अ) जलचर (ब) थलचर (स) नभचर (द) अजगर

## भाई की शादी के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र

सेवा में,
श्रीमती प्रधानाचार्या जी,
आर्यन पब्लिक सी. स्कूल,
बीकानेर (राजस्थान)
दिनांक 15/5/2020

विषय - भाई की शादी के कारण अवकाश हेतु

महोदया,

विनम्र निवेदन है मेरे बड़े भाई का शुभ वि
दिनांक 20/5/2020 को होना निश्चित हुआ है। मुझे
की तैयारी में पिताजी की सहायता करनी है। अतः
दिनांक 20/5/2020 से 25/5/2020 तक पाँच दिन का अव
प्रदान करने की कृपा करें। मैं सदैव आपका आभारी रहूँगा।

धन्यवाद

आपका - आज्ञाकारी / आज्ञाकारिणी
शिष्य / शिष्या -
कक्षा - 6

Scanned with CamScanner





## कहानी- राजा का बंदर

एक राजा था उसने एक बंदर पाल रखा था। राजा अपने बंदर को बहुत प्यार करता था। बंदर भी राजा की बहुत सेवा किया करता था। एक दिन की बात है, राजा अपने शयनकक्ष में सो रहा था उसे सोते देख, बंदर उसके पास रखे पंखे को झलने लगा। बंदर पंखा झल ही रहा था कि तभी अचानक वहाँ कहीं से एक मक्खी आ गई। मक्खी बार-बार राजा की नाक पर बैठी जा रही थी। बार-बार बंदर उसे उड़ाता परंतु वह फिर राजा की नाक पर आ बैठती।

यह देखकर बंदर को क्रोध आ गया। उसने मक्खी को राजा की नाक पर से उड़ाने के लिए उसे तलवार से मारना चाहा। कमरे की खिड़की पर बैठा चोर यह सब दृश्य देख रहा था। इससे पहले कि बंदर राजा की नाक पर तलवार की चोट करता, चोर खिड़की से कूदा। उसने अपनी तलवार से बंदर को मार दिया। तभी राजा की आँखें खुल गई। चोर ने राजा को सारी बात बताई। राजा ने उसे धन्यवाद देकर अपना पहरेदार नियुक्त कर लिया।

शिक्षा- मूर्ख शुभचिंतक से बुद्धिमान शत्रु अच्छा होता है।

Scanned with CamScanner



निबंध - हमारा राष्ट्रीय पक्षी: मोर

रूपरेखा - 1. प्रस्तावना 2. मोर की सुंदरता 3. उपसंहार

प्रस्तावना : हमारे देश में अनेक प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इन पक्षियों में कुछ घरेलू पक्षी हैं और कुछ घरों से दूर जंगलों में रहने वाले पक्षी हैं। कुछ पक्षियों को घरों में पाला जाता है।

मोर की सुंदरता - मोर सभी पक्षियों में सुंदर होता है। इसकी गर्दन लंबी तथा नीली होती है। मोर के सिर पर सुंदर कलंगी होती है। इसके पंख बहुत सुंदर होते हैं। पंखों पर चंद्र आकृतियाँ उसकी सुंदरता को बढ़ाती है। पूरे संसार में मोर से सुंदर पक्षी कोई और नहीं। बादल आने पर वह खुश होकर नाचना शुरू कर देता है। इसकी आवाज मन को मोह लेती है।

उपसंहार - हम सबको मोर एवं अन्य पक्षियों की रक्षा करके प्रकृति के संरक्षण में सहयोग देना चाहिए। मोर को देखकर मन खुश हो उठता है और कहता है-

"बगिया में जब आता मोर, सब के मन को भाता मोर।
बादल जब जब मचाता शोर, खुश हो नाच दिखाता मोर।

Class- VI

जीवन में व्यायाम के महत्व पर दो मित्रों के बीच संवाद

प्रतीक: अरे उत्कर्ष! कल जब गुरु जी व्यायाम के बारे में बता रहे थे तो तुम वहाँ पर थे?

उत्कर्ष: हाँ मित्र! मैं वहीं पर था।

प्रतीक: तुम्हें क्या समझ में आया?

उत्कर्ष: यही कि स्वस्थ एवं निरोग रहने के लिए व्यायाम अति आवश्यक है।

प्रतीक: सही कहा तुमने। मैंने तो गुरु जी के निर्देशानुसार व्यायाम करना भी शुरु कर दिया है।

उत्कर्ष: मैं भी जल्दी से शुरु करने वाला हूँ।

प्रतीक: शुभ काम करने में देरी मत करो। कल से ही शुरु कर दो

उत्कर्ष: ठीक कहते हो प्रतीक! मैं कल से ही शुरु कर देता हूँ।

प्रतीक: शुरुआत में अधिक कसरत मत करना नहीं तो शरीर दर्द हो सकता है।

उत्कर्ष: नहीं, जैसा गुरु जी ने बताया है वैसा ही करूँगा। शुरु कम बाद में अधिक कसरत करूँगा।